वन उत्पादकता संस्थान, रांची
सतर्कता जागरूकता सप्ताह – 2019

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2019 के दौरान आयोजित कार्यकलापों का संक्षिप्त विवरण

वन उत्पादकता संस्थान, रांची में 28 अक्टूबर, 2019 से 2 नवम्बर, 2019 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। इस सप्ताह की शुरूआत 28 अक्टूबर को संस्थान के निदेशक डॉ0 नितिन कुलकर्णी के द्वारा संस्थान के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कार्यकलापों में ईमानदारी एवं पारदर्शिता बनाए रखने की शपथ दिलाकर की गई ।

इस वर्ष के सतर्कता सप्ताह के विषय ''ईमानदारी – एक जीवन शैली'' के अन्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय, लालगुटवा में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालयों में सर्वप्रथम सभी छात्रों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को ईमानदारी एवं अनुशासन की शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात् छात्रों के बीच चित्रांकन एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

वन उत्पादकता संस्थान में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें संस्थान के कर्मचारियों, अधिकारियों ने एवं उनके परिवार के अन्य सदस्यों ने भाग लिया। संस्थान में चित्रांकन द्वारा भ्रष्टाचार के विभिन्न आयामों को दर्शाने के अलावा क्वीज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

दिनांक 01.11.2019 को संस्थान में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में रांची शहर के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक श्री मणिलाल मण्डल, *भारतीय पुलिस सेवा* मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर सभा को संबोधित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो विभिन्न कार्यालयों एवं संस्थानों में वित्तीय अनियमितता के अन्वेषण का कार्य करती है एवं सूचना मिलने पर कार्रवाई करती है। उन्होंने अपने वक्तव्य में आहवान किया की आम नागरिकों को भी सतर्क रहने की आवश्यकता है एवं किसी भी प्रकार की अनियमितता की जानकारी अतिशीघ्र ब्यूरो को दें जिससे कि त्वरित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने स्कूली छात्र एवं छात्राओं को अपने जीवन में अनुशासन एवं पारदर्शिता बनाने पर भी बल दिया।

वन उत्पादकता संस्थान, रांची के निदेशक डॉ0 नितिन कुलकर्णी ने विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार मुक्त जीवन की राह पर चलने की सलाह दी साथ ही विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में भागीदारी एवं सफलताओं पर बधाई दी। संस्थान के सतर्कता अधिकारी डॉ0 अनिमेष सिन्हा ने विश्व तथा भारत में भ्रष्टाचार के आंकडों को दर्शाते हुए उनसे उन्मूलन के प्रयासों की जानकारी दी साथ ही भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सभी को महत्त्वपूर्ण भूमिका निभानी की अनुरोध किये।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में संस्थान के निदेशक एवं मुख्य अतिथि द्वारा प्रतिभागियों को पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिकों डॉ0 शरद तिवारी, श्री संजीव कुमार, डॉ0 पी0के0दास एवं संस्थान के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यकम को सफल बनाने में अहम् भूमिका निभायी। कार्यकम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रीमति रूबी कुजूर, वैज्ञानिक के द्वारा किया गया।

Vigilance pledge administered by the Director

Vigilance pledge administered at School

Speech competition at school in progress

Quiz competition at IFP, Ranchi

Closing ceremony of vigilance awereness week observance

Welcome to the Chief Guest, Sh. Manilal Mandal, SP, ACB, Ranchi by the Director

Address by the Director, Dr. N. Kulkarni, IFP, Ranchi

Address by the Chief Guest, Sh Manilal Mandal, SP, ACB

Prize distribution to the winners of competitions

Prize distribution to the winners of competitions

Felicitation of Sh Manilal Mandal, SP, ACB, Ranchi